कार्यालय, नगर पालिक निगम, भिलाई

क्र./लो.क.वि./शि.न./जोन–4/2020/ भिलाई, दिनांक / /2020

प्रति,

अध्यक्ष,
अमर विकास सेवा संस्थान,
रामेश्वर नगर, भनपूरी, पोस्ट–बीरगांव
जिला–रायपुर (छ.ग.)

विषय :– अमर विकास सेवा संस्थान, भनपूरी रायपुर (छ.ग.) का नाम काली सूची में दर्ज करने बाबत्।

संदर्भ :– 1. कार्यादेश क्र. 480 (A) दिनांक 08.11.2016
2. कार्यालयीन सूचना पत्र क्र. 510, दिनांक 31.07.2019
3. (3) री सूचना पत्र क्र. 639, दिनांक 29.08.2019

उपरोक्त विषयांतर्गत एवं संदर्भित पत्रानुसार सूचित किया जाता हैं कि आपको राज्य प्रवर्तित योजना "सुविधा–24" अंतर्गत वार्ड क्र. 38 तेल्हानाला के पास सामुदायिक शौचालय निर्माण कार्य प्रदान किया गया था, परंतु आपके द्वारा आज दिनांक तक कार्य पूर्ण नही किया गया हैं। कार्य पूर्ण करने के संबंध में आपको दूरभाष एवं सूचना पत्र के माध्यम से सूचित किया गया था, परंतु आपके द्वारा कार्य को अब तक पूर्ण नही किया गया हैं।

कार्य सुविधा–24 अंतर्गत सामुदायिक शौचालय निर्माण कार्य शासन की महत्वाकांक्षी योजनांतर्गत हैं। आपके द्वारा कार्य को समय–सीमा में पूर्ण नही करने के कारण निगम की छवि धुमिल हुई हैं तथा जनाक्रोश का सामना करना पड़ रहा हैं।

अतः आपकी संस्था अमर विकास सेवा संस्थान भनपूरी रायपुर (छ.ग.) का नाम काली सूची में दर्ज किया जाता हैं।

(आयुक्त महोदय द्वारा अनुमोदित)

जोन आयुक्त
शिवाजी नगर जोन 4
नगर पालिक निगम, भिलाई

पृ.क्र./लो.क.वि./शि.न./जोन–4/2020/ 171 भिलाई, दिनांक 29/5/2020

प्रतिलिपि :–

1. आयुक्त महोदय, नगर पालिक निगम, भिलाई को सूचनार्थ संप्रेषित।
2. उपायुक्त I एवं II, नगर पालिक निगम, भिलाई को सूचनार्थ संप्रेषित।
3. अधीक्षण अभियंता I एवं II,नगर पालिक निगम, भिलाई को सूचनार्थ संप्रेषित।
4. कार्यपालन अभियंता, जोन क्र. 01,02,03,04,05, जलकार्य एवं स्टोर, नगर पालिक निगम, भिलाई को सूचनार्थ।
5. लेखा अधिकारी, नगर पालिक निगम, भिलाई को सूचनार्थ।
6. प्र. स्वास्थ्य अधिकारी, नगर पालिक निगम, भिलाई को सूचनार्थ।
7. सहायक अभियंता, जोन क्र. 04 शिवाजी नगर, नगर पालिक निगम, भिलाई को सूचनार्थ।
8. प्रभारी अधिकारी, डाटा सेन्टर, नगर पालिक निगम, भिलाई को विभागीय पोर्टल में अपलोड करने हेतु सूचनार्थ।

जोन आयुक्त
शिवाजी नगर जोन 4
नगर पालिक निगम, भिलाई